# CHAUDHARY CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT, UTTAR PRADESH

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

***7.1.11 Institution celebrates/organizes national and international commemorative days, events and festivals***

संख्या–213/सत्तर–रा0से0यो0को0–2022

प्रेषक,

गिरिजेश कुमार त्यागी
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– कार्यक्रम समन्वयक,
एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
2– उप शिक्षा निदेशक, (माध्यमिक) मण्डल
एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।

**उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग** **लखनऊ: दिनांक 26 जुलाई, 2022**

विषयः– "आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत दिनांक–11.08.2022 से 17.08.2022 की अवधि को "स्वतंत्रता सप्ताह" के रूप में तथा स्वतंत्रता सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक–13.08.2022 से 15.08.2022 तक "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्या–1989/सत्तार–3–2022 दिनांक–22 जुलाई, 2022 तथा पत्र संख्या–1935/सत्तर–3–2022 दिनांक–15 जुलाई, 2022 एवं संस्कृति अनुभाग के पत्र संख्या–1348/चार–2022 दिनांक–18 जुलाई, 2022 तथा संस्कृति अनुभाग के पत्र संख्या–1344/चार–2022 दिनांक–20 जुलाई, 2022 की (छाया प्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से कार्यक्रम समन्वयक, एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश एवं उप शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) मण्डल एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त मण्डल उत्तर प्रदेश को एन0एस0एस0 इकाईयों द्वारा भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्वपूर्ण अवसर पर दिनांक–11.08.2022 से 17.08.2022 "स्वतंत्रता सप्ताह" एवं दिनांक–13.08.2022 से 15.08.2022 तक "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त गतिविधियों में प्रतिभाग करने हेतु उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र दिनांक 22.07.2022 (संलग्न) में दिए गए दिशा–निर्देशों व कार्य योजना के अनुसार दिनांक–11.08.2022 से 17.08.2022 "स्वतंत्रता सप्ताह" एवं दिनांक–13.08.2022 से 15.08.2022 तक "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम का भव्य आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना की समस्त इकाइयों द्वारा सहभागिता करने की अपेक्षा की गयी है।

2– उक्त के क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों व कालेजों में छात्र–छात्राओं तथा स्वयंसेवक–स्वयंसेविकाओं के माध्यम से दिनांक–11.08.2022 से 17.08.2022 "स्वतंत्रता सप्ताह" एवं दिनांक–13.08.2022 से 15.08.2022 तक "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम को विशेष अभियान तहत मनाये जाने के सम्बन्ध में कार्ययोजना के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जानी है, जो निम्नलिखित है:–

1. राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों व कालेजों के छात्र–छात्राओं तथा स्वयंसेवक–स्वयंसेविकाओं के माध्यम से "हर घर लहराएगा तिरंगा, गूंजेगा "झण्डा ऊंचा रहे हमारा" स्लोगन से व्यापक प्रचार–प्रसार कर इस अभियान को आमजन से जोड़ा जाय।

(2) "हर घर तिरंगा" राष्ट्रीय गौरव का आयोजन है। एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों व कालेजों में स्वयंसेवक–स्वयंसेविकाओं द्वारा अपने फहराये तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर तथा भारत सरकार के https://harghartiranga.com /पोर्टल पर इसे पोस्ट करें।

(3) एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों व कालेजों के समस्त सरकारी कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के अन्तर्गत एन0एस0एस0 की समस्त इकाईयों के स्वयंसेवक–स्वयंसेविकाओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाय। जो स्वाधीनता दिवस के उपलक्ष्य में भव्य एवं विशिष्ट हो।

(4) राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त ईकाइयों द्वारा सभी अमृत सरोवरों पर झण्डा रोहण के विशिष्ट कार्यक्रम आयोजित किए जाए।

(5) एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों व कालेजों के समस्त छात्र–छात्राओं एवं स्वयंसेवक–स्वयंसेविकाओं द्वारा स्लोगन, निबन्ध प्रतियोगिता चित्रकला शिविर, नुक्कड़–नाटक का आयोजन, स्वच्छता अभियान आधारित कवि सम्मेलन तथा स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में सुसज्जित प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय तथा वरिष्ठ साहित्यकारों/लेखकों/गीतकारों को आजादी की लड़ाई, तिरंगा की यात्रा के बारे में लेख लिखने के लिए प्रोत्साहित किया जाय।

(6) उच्च शिक्षण संस्थानों के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र–छात्राओं एवं स्वयंसेवक–स्वयंसेविकाओं द्वारा "हर घर तिरंगा" के अन्तर्गत किये गये कार्यक्रमों का विवरण एवं फोटो आदि को उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0 प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट http://uphed.gov.in/HigherEduDirectorate/DefaultDir.aspx पर Login- Azadi Ka Amrit Mahotsav Password - High@1234 तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड किया जाय।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्यक्रम समन्वयक, एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश एवं उप शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) मण्डल उत्तर प्रदेश को एन0एस0एस0 की समस्त इकाईयों द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत दिनांक–11.08.2022 से 17.08.2022 "स्वतंत्रता सप्ताह" एवं दिनांक–13.08.2022 से 15.08.2022 तक "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। कृत कार्यवाही की विस्तृत आख्या सम्बन्धित वीडियो क्लिपिंग, एवं पेपर कटिंग सहित सूचना भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय लखनऊ के ई–मेल–nssrclucknow@yahoo.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें एवं शासन के ई–मेल–**sloup.nss@gmail.com** पर भी प्रेषित करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीय,
(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

**संख्या–213(1)/सत्तर–रा0से0यो0को0–2022,तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत।

1– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव को अपर मुख्य सचिव महोदया के अवलोकनार्थ।
2– भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग रा0से0यो0, अनुभाग शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
3– क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रा0से0यो0, क्षेत्रीय निदेशालय,हाल नं0–1, आठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर–एच0, अलीगंज, लखनऊ।

आज्ञा से,
(कैलाश नाथ राम)
उप सचिव।

**Related to Campaign of 'Har Ghar Tiranga' under Azadi Ka Amrit Mahotsav**
**26-07-2022**

Dr. Virendra Singh Co-ordinator, NSS
9412106486, 9927087028
Virendrasingh1899@gmail.com

**चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ**
**CHAUDHARY CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT**
**राष्ट्रीय सेवा योजना**
**NATIONAL SERVICE SCHEME**

पत्रांक: 104/02/रा0से0यो0/970
दिनांक: 31 जुलाई, 2022

प्राचार्य/प्राचार्या
राष्ट्रीय सेवा योजना
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषय: आजादी का अमृत महोत्सव "हर घर तिरंगा अभियान" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक श्री गिरिजेश कुमार त्यागी, विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन (लखनऊ) के पत्र संख्या-213/सत्तर-रा0से0यो0कोठ-2022 दिनांक 26 जुलाई, 2022 तथा भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मन्त्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, नई दिल्ली के पत्र संख्या अ0शा0पी024-1/रासेयो/निदेश/2022/711-726 दिनांक 29 जुलाई, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्रों के माध्यम से आपको अवगत कराना है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक **11.08022 से 17.06.2022 तक की अवधि को स्वतन्त्रता सप्ताह** के रूप में तथा स्वतन्त्रता के अन्तर्गत दिनांक **13.08.2022 से 15.08.2022 तक "हर घर तिरंगा अभियान"** कार्यक्रम मनाये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के अन्तर्गत रा0से0यो0 की सभी इकाईयों द्वारा स्वयंसेवकों के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में जाकर प्रत्येक घर में दिनांक 13.08.2022 से 15.08.2022 तक हर घर में तिरंगा फहराते हुए सैल्फी लेकर विश्वविद्यालय के वाह्टसएप ग्रुप या विश्वविद्यालय की मेल पर उपलब्ध करायें।

**साथ ही इस कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 01.08.2022 से 10.08.2022 तक और भी अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं जैसे समस्त इकाईयों के द्वारा स्वयंसेवकों की सहायता से तिरंगा यात्रा, अमृत सरोवरों पर झण्डा रोहण, स्लोगन, निबन्ध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, कवि सम्मेलन, स्वतन्त्रता सेनानियों की वेशभूशा में सूसज्जित प्रतियोगिताओं का आयोजन, तिरंगा यात्रा के विशय में लेख आदि।**

"हर घर तिरंगा अभियान" के अन्तर्गत प्रत्येक दिन किये गये कार्यों का विवरण, न्यूज पेपर की कटिंग एवं फोटो उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0 प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट http://uphed.gov.in/HigherEduDirectorate/DefaultDir.aspx पर Login- Azadi ka amrit Mahotsav Password - High@1234 तथा विश्वविद्यालय के वाह्टसएप ग्रुप या मेल nssccsumrt2019@gmail.com पर अपलोड किया जावे।

अतः आसे अनुरोध है कि उपरोक्त का गम्भीरता से सन्दर्भ ग्रहण कर राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाईयों द्वारा स्वयंसेवक/सेविकाओं के सहयोग से "हर घर तिरंगा अभियान" को सफल बनाने के लिये निर्देशित किये गये कार्यों को सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय
(डा0 वीरेन्द्र सिंह)
कार्यक्रम समन्वयक, रा0से0यो0

Necessary direction for programme:

(i) During the period from 01st to 10th August, 2022, each volunteer of NSS shall visit at least 30 households in their local area and adopted village to disseminate awareness about the "Har Ghar Tiranga" programme and popularize it.

(ii) NSS shall develop a template which shall be made available to all volunteers. The template will explain about the AKAM as well as the "Har Ghar Tiranga" programme.

(iii) Apart from this, the exercise should also be utilized to collect data regarding unsung heroes of India's freedom struggle at local levels. A brief, upto 500 words, biographical sketch of the unsung hero may be drafted, along with a photo/sketch/portrait, and submitted to Programme Officer by 15/08/2022.

(iv) Use of the Social Media shall be made intensively to maximize the outreach of the Programme. It is expected that 5-10 Social Media posts, capturing the outreach, shall be uploaded by each Unit.

(v) Daily at 12:00 PM the consolidated report has to be shared with Directorate for onward submission to the Ministry.

**Related to Campaign of 'Har Ghar Tiranga' under Azadi Ka Amrit Mahotsav**
**31-07-2022**

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या–1934/सत्तर–3–2022

प्रेषक,
मोनिका एस० गर्ग,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,
कुलपति,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ०प्र०।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 15 जुलाई, 2022

विषय:–"आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत स्वतंत्रता संग्राम से सम्बन्धित विवरण का संकलन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम देश भर में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्या–930/सत्तर–3–2022, दिनांक 07 अप्रैल, 2022 तथा पत्र संख्या–1890/सत्तर–3–2022, दिनांक 13 जुलाई, 2022 द्वारा "आजादी के अमृत महोत्सव" की श्रृंखला में अप्रैल, 2022 से अगस्त 2023 तक की सुझावात्मक कार्य–योजना/वार्षिक कैलेण्डर संलग्न कर प्रेषित करते हुए आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्य–योजना की उल्लिखित तिथियों में निर्धारित थीम के अनुरूप कार्यक्रमों का आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "आजादी का अमृत महोत्सव" के 75 वीं वर्षगांठ पर विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता आन्दोलन से सम्बन्धित नायकों, गुमनाम नायकों, हमारी लोकप्रथाओं व लोकगीतों में ऐसे अनेक नायकों की स्मृतियाँ भी जीवन्त हैं, से सम्बन्धित निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये:–

1. आजादी के गुमनाम नायकों की पहचान कर उन्हें नई पीढ़ी से परिचित कराया जाय। हमारी लोककथाओं व लोकगीतों में ऐसे अनेक नायकों की स्मृतियाँ भी जीवन्त हैं। शोधार्थियों के माध्यम से इनकी खोज/चिन्हीकरण /पहचान कराई जाए।
2. विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता आन्दोलन से सम्बन्धित विभिन्न शोध कार्य कराये जाय। विश्वविद्यालय के आधुनिक भारतीय इतिहास विभाग द्वारा संदर्भित शोध कार्य पर आधारित स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/घटनाओं से सम्बन्धित विवरण विश्वविद्यालय में अध्ययनरत स्नातकोत्तर विद्यार्थियों/शोधार्थियों के माध्यम से संकलित कर उपलब्ध कराया जाये, जिससे जनपद स्तर पर सम्बन्धित स्वतंत्रता आन्दोलन/स्वतंत्रता सेनानियों के सम्बन्ध में समुचित जानकारी प्राप्त हो सके।
3. बीएड के प्रशिक्षार्थियों तथा अन्य पाठ्यक्रमों के छात्रों को भी स्थानीय जनपद के स्वतंत्रता आन्दोलन/हस्तशिल्प/लोकसंगीत/लोकनृत्य/स्थानीय व्यंजन/वेशभूषा पर आधारित 'प्रोजेक्ट वर्क' आवंटित किये जाने से उपयोगी जानकारी प्राप्त हो सकती है।
4. विश्वविद्यालय में छात्रावास, प्रयोगशालाओं आदि का नामकरण स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर किया जावे।
5. विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर "आजादी का अमृत महोत्सव" की थीम पर कार्यक्रम कराए जाये।
6. विश्वविद्यालय के शोधकर्ता/विद्यार्थियों द्वारा स्वतंत्रता आन्दोलन तथा गुमनाम नायकों से सम्बन्धित विभिन्न शोध कार्यों का संकलन तैयार किया जाए।
7. स्वतंत्रता संग्राम से सम्बन्धित लोकगीतों, लोक गाथाओं एवं परम्पराओं पर किये गये शोध कार्यों का संकलन किया जाये।
8. आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "चौरी चौरा शताब्दी समारोह" का आयोजन किया गया है। सेन्टर आफ एक्सीलेन्स योजना के अन्तर्गत चौरी चौरा अध्ययन केन्द्र, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में स्थापित किया गया है। उसकी गतिविधियों की सूचना शासन को त्रैमासिक रूप से प्रेषित की जाए।
9. लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा गौरव गैलरी की स्थापना हेतु संस्कृति विभाग को प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया तथा संस्कृति विभाग द्वारा गौरव गैलरी की स्थापना हेतु अनुदान प्रदान किया गया है। दोनों विश्वविद्यालय इसके अन्तर्गत की गयी कार्यवाही की त्रैमासिक सूचना उपलब्ध कराऐंगे। अन्य विश्वविद्यालय से अपेक्षा है कि अपने विश्वविद्यालय में गौरव विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु सम्यक प्रस्ताव संस्कृति विभाग, उ०प्र० शासन को उपलब्ध कराये।

भवदीया,

( मोनिका एस० गर्ग )
अपर मुख्य सचिव।

संख्या–1934(1)/सत्तर–3–2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–
1–निजी सचिव, मा०मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ०प्र०।
2–निजी सचिव, मा० राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ०प्र०।
3–श्री कुमार हर्ष, विशेष सचिव, मा० मुख्यमंत्री, उ०प्र० शासन।
4–स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ०प्र० शासन।
5–प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, उ०प्र० शासन।
6–संस्कृति अनुभाग–1, उ०प्र० शासन।
7–गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( गिरिजेश कुमार त्यागी )
विशेष सचिव।

**Notice Related to Azadi Ka Amrit Mahotsav**
**15-07-2022**

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या–1935/सत्तर–3–2022

प्रेषक,
मोनिका एस0 गर्ग,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,
1. कुलपति,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

2. निदेशक,
उच्च शिक्षा,
उ0प्र0, प्रयागराज।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3

लखनऊ : दिनांक 15 जुलाई, 2022

विषय:–"आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत "स्वतंत्रता सप्ताह" तथा "हर घर तिरंगा" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–930/सत्तर–3–2022, दिनांक 07 अप्रैल, 2022, पत्र संख्या–1890/सत्तर–3–2022, दिनांक 13 जुलाई, 2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से "आजादी के अमृत महोत्सव" की श्रृंखला में अप्रैल, 2022 से अगस्त 2023 तक की सुझावात्मक कार्य–योजना/वार्षिक कैलेण्डर संलग्न कर प्रेषित करते हुए आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्य–योजना की उल्लिखित तिथियों में निर्धारित थीम के अनुरूप कार्यक्रमों का आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2– इसके अतिरिक्त उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्या–1468/सत्तर–3–2022, दिनांक 08 जून, 2022 तथा पत्र संख्या–1895/सत्तर–3–2022, दिनांक 13 जुलाई, 2022 द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत दिनांक 11 अगस्त, 2022 से 17 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम मनाये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किये गये।

3– इसी क्रम में प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में "आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत दिनांक 11.08.2022 से 17.11.2022 स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य तथा "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु निम्नलिखित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये:–

1. इस अभियान को हर घर लहराएगा तिरंगा, गूंजेगा झण्डा ऊंचा रहे हमारा स्लोगन से जोड़ा जाये।
2. "हर घर तिरंगा" राष्ट्रीय गौरव का आयोजन है। अध्यापक तथा विद्यार्थी अपने फहराये तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें।
3. स्वतंत्रता सप्ताह की अवधि में हर सरकारी कार्यालय और शहीद स्मारक पर तिरंगे की आकर्षक लाइटिंग हो।
4. एन0एस0एस0 द्वारा "हर घर तिरंगा" महायोजन से आमजन को जोड़ने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए।
5. इस आयोजन के प्रचार–प्रसार के लिए एन0सी0सी0 व एन0एस0एस0 तथा अन्य स्वयंसेवी संगठनों द्वारा तिरंगा यात्राएं निकाली जाएं।
6. आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में स्वाधीनता दिवस का आयोजन अत्यधिक भव्य व विशिष्ट हो।
7. विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्लोगन व निबन्ध प्रतियोगिता करायी जाये।
8. राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) द्वारा तिरंगे के साथ प्रभात फेरी निकाली जायेगी, जिसमें कुछ छात्र आजादी के नायकों के पोशाक में सम्मिलित होंगे।
9. झण्डा गीत "झण्डा ऊंचा रहे हमारा" के रचयिता कानपुर के श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' थे। इस गीत तथा राष्ट्रभक्ति के गीतों के संकलन आम लोगों को उपलब्ध कराए जाए।
10. आजादी के गुमनाम नायकों की पहचान कर उन्हें नई पीढ़ी से परिचित कराया जाए। हमारी लोककथाओं व लोकगीतों में ऐसे अनेक नायकों की स्मृतियां भी जीवन्त हैं। शोधार्थियों के माध्यम से इनकी खोज/चिन्हीकरण/पहचान कराये जाए।
11. यह सुनिश्चित किया जाए कि राष्ट्रध्वज संशोधित झण्डा संहिता 2021 के अनुसार ही तैयार हों। हमारा राष्ट्रध्वज हमारी 'अस्मिता' तथा 'आन बान शान' का प्रतीक है। अतः राष्ट्रध्वज संहिता के अनुरूप ध्वजारोहण में नियमों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। सरकारी कार्यालयों पर यथासम्भव खादी निर्मित राष्ट्रध्वज ही फहराए जाने चाहिए।
12. वरिष्ठ साहित्यकारों/लेखकों/गीतकारों को आजादी की लड़ाई, तिरंगा की यात्रा के बारे में लेख लिखने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।
13. आगामी 19 जुलाई को बलिया में शहीद मंगल पाण्डेय की जयंती पर 23 जुलाई को उन्नाव में शहीद चंद्रशेखर आजाद जयंती समारोह, 20 जुलाई को कारगिल विजय दिवस, 09 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर तथा 19 अगस्त को बलिया में चित्तू पाण्डेय जी के नेतृत्व में स्वतंत्र सरकार के गठन की स्मृति में विशिष्ट आयोजन कराए जाएं।
14. विद्यार्थियों द्वारा चित्रकला शिविर, नुक्कड़ नाटक का आयोजन स्वच्छता अभियान आधारित कवि सम्मेलन तथा स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में सुसज्जित प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये।
15. उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा **'हर घर तिरंगा'** के अन्तर्गत किये गये कार्यक्रमों का विवरण एवं फोटो आदि को उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0 प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट http://uphed.gov.in/HigherEduDirectorate/DefaultDir.aspx @ Login- Azadi ka Amrit Mahotsav Password- High@1234 तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड किया जाय।

4– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "आजादी के अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य आयोजित किये जाने वाले **'हर घर तिरंगा'** कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
15/7
(मोनिका एस0 गर्ग)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या–1935(1)/सत्तर–3–2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. निजी सचिव, मा0मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
2. निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
3. श्री कुमार हर्ष, विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
4. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
5. प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
7. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
8. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
9. विशेष कार्याधिकारी अधिकारी एवं जनसम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
10. संस्कृति अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन।
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

**Notice Related to Azadi Ka Amrit Mahotsav**
**05-07-2022**

**CH.CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT**

**चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ**

पत्रांक : सामान्य–08/3029
दिनांक 10/8/2022

**स्वतन्त्रता दिवस समारोह आयोजन सम्बन्धी सूचना**

स्वतन्त्रता दिवस के पावन अवसर पर गत वर्ष की भाँति विश्वविद्यालय में 15 अगस्त, 2022 को स्वतन्त्रता दिवस समारोह निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार आयोजित किया जा रहा है :–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | विश्वविद्यालय में स्थापित समस्त प्रतिमाओं पर माल्यार्पण | प्रातः 08.30 बजे |
| | स्थान :– पुस्तकालय के समक्ष प्रांगण। | |
| 02. | गार्ड ऑफ आनर | |
| 03. | ध्वजारोहरण | प्रातः 08:45 बजे |
| 04. | राष्ट्रगान | प्रातः 08:47 बजे |
| 05. | मा0 कुलपति जी का सम्बोधन | प्रातः 08:50 बजे |
| 06. | मिष्ठान वितरण | |
| 07. | पुरस्कार/प्रमाण पत्र वितरण | |

नोटः– गत वर्ष की भाँति समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, कुलानुशासक, साहित्यिक संस्कृतिक परिषद् के अधिकारीगण व विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण/कर्मचारीगण एवं प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से अपेक्षित है कि वे अनिवार्य रूप से स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में उपर्युक्त कार्यक्रमानुसार उपस्थित होने का कष्ट करें।

10-08-2022
समन्वयक
साहित्यक सांस्कृतिक परिषद्

प्रतिलिपि :–

1. विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/विभागाधिकारी को सूचनार्थ ।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण को सूचनार्थ।
3. कुलानुशासक को सूचनार्थ।
4. विश्वविद्यालय अभियन्ता /अवर अभियन्ता विद्युत को समारोह स्थल पर ध्वज पोल, माईक एवं फूलमालाओं आदि की व्यवस्था हेतु प्रेषित।
5. प्रभारी, स्वच्छता को सफाई हेतु प्रेषित।
6. समस्त वार्डन छात्रावासों को सूचनार्थ।
7. सचिव कुलपति को कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
8. आशुलिपिक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
9. आशुलिपिक कुलसचिव को कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
10. आशुलिपिक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
11. अध्यक्ष/समन्वयक, साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद्, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
12. प्रो0 विघ्नेश त्यागी, इतिहास विभाग को गत वर्ष की भाँति स्वतन्त्रता दिवस के पावन अवसर पर विश्वविद्यालय में 15 अगस्त, 2022 को मंच संचालन करने हेतु प्रेषित।
13. चिकित्साधिकारी, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
14. सुरक्षा अधिकारी को कुलपति महोदय को दी जाने वाले गार्ड ऑफ आनर की व्यवस्था हेतु।
15. प्रभारी (भण्डार) को इस आशय के साथ प्रेषित ध्वजारोहण स्थल पर ध्वज लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा स्वीपर के माध्यम से कलई–चूने की व्यवस्था कराने हेतु प्रेषित।
16. श्री मुकेश कुमार, सुपरवाईजर, सफाई कर्मी को सफाई कार्य हेतु सूचनार्थ।
17. प्रेस प्रवक्ता।

10.8.22
प्रभारी (प्रेश0)

Circular_15August

**Notice regarding Celebration on Independence Day on 10-08-2022**







**Decoration of SCRIET on the occasion of Independence day on 15-08-2022**




**Independence day celebration in University campus**
**15-08-2022**




**Independence day celebration in University campus**
**15-08-2022**



**Independence day celebration in University campus**
**15-08-2022**



**Independence day celebration in University campus**
**15-08-2022**




**Independence day celebration in University campus**
**15-08-2022**

# स्वतंत्रता के इतिहास व महत्व को जन-जन तक पहुंचाएं : डॉ.संगीता शुक्ला




**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो.संगीता शुक्ला के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं ने परिसर में स्थित महान क्रांतिकारियों सरदार भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, सुभाषचंद्र बोस, धनसिंह कोतवाल, मंगल पाण्डे एवं महापुरूषों में स्वामी विवेकानंद, चौधरी चरण सिंह, भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर तथा राजा महेन्द्र प्रताप सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। गार्ड आफ ऑनर के पश्चात कुलपति महोदया द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश की आजादी में योगदान देने वाले सभी अमर शहीदों, क्रांतिकारियों एवं महापुरूषों के योगदान को आज समूचा देश याद कर रहा है। हमें जो आजादी मिली वह अनेक महान विभूतियों के अनथक प्रयासो का प्रतिफल है। शैक्षणिक संस्थाओं का यह नैतिक कर्तव्य है कि वह स्वतंत्रता के इतिहास एवं महत्व को जन–जन तक पहुँचाएं।

हमारा विश्वविद्यालय इस बात के लिए और भी अधिक प्रतिबद्ध है क्योंकि आजादी के आंदोलन का बिगुल इसी क्रांतिधरा से बजा था। उन्होंने कहा कि हम आज के दिन यह निश्चय करें कि भारत को पुनः विश्व गुरू बनाना है, इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करना होगा।

हमारा विश्वविद्यालय शोध एवं अकादमिक के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है लेकिन वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान को और अधिक सुदृढ करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शोध एवं नवाचार करने होंगे। हम निरन्तर प्रयास कर रहे हैं कि अपने विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय संसाधन उपलब्ध कराते हुए उन्हें उच्चस्तरीय शिक्षा दे सकें जिससे वह दुनिया भर के प्रमुख संस्थानों में अपनी योग्यता सिद्ध करते हुए अपना स्थान बना सकें। इसके उपरान्त कुलसचिव धीरेन्द्र कुमार ने उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी संदेश का वाचन किया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं

को विभिन्न संस्थाओं द्वारा उनके सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो.वाई विमला, प्रो.भूपेन्द्र कुमार, प्रो. बीरपाल, प्रो.विघ्नेश कुमार प्रशांत कुमार प्रेस प्रवक्ता सहित सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



## ध्वजारोहण

र मंडल के मुख्यालये बोम्बे पेन्टस
रोहण डॉ सोमेन्द्र तोमर राज्यमन्त्री
स व्यापर मंडल एवं अमित अग्रवाल
स्वाथय विभाग के डॉ अंकर त्यागी
कार्ड बनाये। इस अवसर पर प्रदेश
ता,मेरठ महानगर पेंट्स व्यापर संघ
ा, पियंक जैन, सागर सिघल, वकुल,
रहे।

# स्वतंत्रता के इतिहास व महत्व को जन-जन तक पहुंचाएं : प्रो. संगीता

**मेरठ (एसएनबी)।** चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने विवि परिसर स्थित महान क्रांतिकारियों सरदार भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, सुभाषचंद्र बोस, धनसिंह कोतवाल, मंगल पाण्डे एवं महापुरुषों में स्वामी विवेकानंद, चौधरी चरण सिंह, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर तथा राजा महेन्द्र प्रताप सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। गार्ड आफ ऑनर के बाद कुलपति ने ध्वजारोहण किया।

कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कहा कि देश की आजादी में योगदान देने वाले सभी अमर शहीदों, क्रांतिकारियों एवं महापुरुषों के योगदान को आज समूचा देश याद कर रहा है। हमें जो आजादी मिली वह अनेक महान विभूतियों के अथक प्रयासों का प्रतिफल है। शैक्षणिक संस्थाओं का यह नैतिक कर्तव्य है कि वह स्वतंत्रता के इतिहास एवं महत्व को जन-जन तक पहुंचाएं। हमारा विश्वविद्यालय इसके लिए ज्यादा प्रतिबद्ध है क्योंकि आजादी के आंदोलन का बिगुल इसी क्रांतिधरा से बजा था। भारत को पुनः विश्व गुरु बनाना है, इसके लिए सभी को मिलकर प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करना होगा। हमारा विश्वविद्यालय शोध एवं अकादमिक के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है लेकिन वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शोध एवं नवाचार करने होंगे। हम निरन्तर प्रयास कर रहे है कि अपने विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय संसाधन उपलब्ध कराते हुए उन्हें उच्चस्तरीय शिक्षा दे सकें जिससे वह दुनिया भर के प्रमुख संस्थानों में अपनी योग्यता सिद्ध कर अपना स्थान बना सकें।

**Independence day celebration in University campus**
**15-08-2022**




**Independence day celebration in University Campus**
**16-08-2022**
**Department of Fine Arts**




**Independence day celebration in University Campus**
**16-08-2022**
**Department of Fine Arts**



**Independence day celebration in University campus**
**16-08-2022**
**Department of Fine Arts**




**Independence day celebration in University campus**
**16-08-2022**
**Department of Fine Arts**



**Independence day celebration in University campus**
**16-08-2022**
**Department of Fine Arts**

हीरा टाइम्स

# आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर बनाए 75 शहीदों के चित्र



**मेरठ।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर ललित कला विभाग चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय एवं एनएएस कॉलेज की "राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई" तथा "साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद" के संयुक्त तत्वाधान में शहीदों को समर्पित देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत संबंधित विभागों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह के शुभारंभ 15 अगस्त को आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 75 स्वाधीनता संग्राम सेनानियों, बलिदानिओं, शहीदों के चित्र हाथ से बनाकर छात्र–छात्राओं द्वारा आज प्रदर्शित किए गए।

कार्यशाला एवं चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर संगीता शुक्ला, कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। अति विशिष्ट अतिथि धीरेंद्र वर्मा कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर बिंदु शर्मा समन्वयक मिशन शक्ति अभियान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, प्रोफेसर एनसी लोहनी संकाय अध्यक्ष कला भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने संबंधित विभागों के छात्र–छात्राओं द्वारा बनाए गए शहीदों, स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के सजीव मैं प्रेरक चित्रो की प्रशंसा करते हुए कहा कि ललित कला विभाग द्वारा युवा छात्र छात्राओं ने चित्रों के माध्यम से युवाओं को देश के शहीदों की शहादत, शौर्य और बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया है।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम ऐसे क्रांतिकारियों के कारनामों से भरा है जिन्होंने अपनी चिंगारी से युवक. ों रोशन किया है ऐसे ही क्रांतिकारियों शहीदों के चित्र बनाकर छात्र छात्राओं ने उनके बलिदान को उनके जज्बे को अनुभव किया।

विभाग की समन्वयक डॉ अलका तिवारी एवं शिक्षिकाएं बधाई के पात्र हैं जो निरंतर इस प्रकार के देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन कर युवा पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम के प्रति प्रेरित कर रही हैं। अति विशिष्ट अतिथि, धीरेंद्र वर्मा, कुलसचिव ने चित्र बनाने वाले विद्यार्थियों से शहीदों के जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा युवा शक्ति को आजादी के इस अमृत महोत्सव को अमर करना होगा, भारत माता की अस्मिता को अक्षुण्ण बनाए रखना होगा ।

मिशन शक्ति की संयोजिका, प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने कहा आज हम आजादी का अमृत महोत्सव बना रहे हैं हमें इस अवसर पर उन बलिदानी महिलाओं को को भी नमन करना चाहिए जिन्होंने अग्र व पृष्ठभूमि में रहकर आजादी की जंग में हर संभव सहयोग प्रदान किया। युवा कलाकारों द्वारा झलकारी, बाई बसंती देवी, बीना दास, कल्पना दत्ता, सुहासिनी गांगुली, मातंगी हजारा, तथा विजय लक्ष्मी पंडित एवं दुर्गा भाभी तथा रानी लक्ष्मीबाई वीरांगनाओं के सजीव चित्र स्वतंत्रता आंदोलन में नारी की सशक्त भूमिका को प्रदर्शित करते है।कार्यक्रम संयोजिका एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी,एन ए एस कॉलेज ने बताया कि छात्र छात्राओं ने सभी सभी 75 स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के चित्र उनकी जीवनी को पढ़कर, देश के प्रति उनकी भावनाओं से जुड़ कर, उनके जज्बे को महसूस कर सभी स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के चित्र बनाए हैं।

**Independence day celebration in University campus**

**16-08-2022**

**Department of Fine Arts**

# आजादी के 75 वर्ष 75 रंगोली




**मेरठ समाचार प्रतिनिधि**

**मेरठ।** ललित कला विभाग चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय एवं एम एम एस कॉलेज मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग में वृहद स्तर पर आजादी के रंगों से रंगोलियां बनाकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। रंगोली प्रतियोगिता का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्घाटन प्रोफेसर संगीता शुक्ला, कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ने किया। ललित कला विभाग की समन्वयक डॉक्टर अलका तिवारी को इतने सुंदर और वृहद देशभक्ति पूर्ण आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष और 75 रंगोलियां उन शहीदों को समर्पित है जिन्होंने देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। विशिष्ट अतिथि प्रति कुलपति प्रोफेसर वाई विमला तथा अति विशिष्ट अतिथि धीरेंद्र वर्मा कुलसचिव चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ने ललित कला विभाग द्वारा 'आजादी के 75 वर्ष और 75 रंगोलियां' थीम पर आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। संयोजिका डॉ अलका तिवारी ने सभी को तिरंगे पटका पहना कर स्वागत किया। दो वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता के वर्ग 'ए' में एन ए एस कॉलेज की छात्रा अंतिम 'प्रथम' कामिनी,ललित कला विभाग तथा तुलसी पमादिया, बी. बी. एस. एस. एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल बी ब्लॉक मेरठ में ने तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रतियोगिता के दूसरे वर्ग में दीपा ललित कला विभाग 'प्रथम' भारती, एन. ए. एस. कॉलेज 'द्वितीय'तथा अंशी सिंह आई एल पी जी कॉलेज मेरठ ,तृतीय स्थान पर रही सभी को कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला कुलसचिव धीरेंद्र वर्मा एवं प्रति कुलपति, प्रोफेसर वाई विमला प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए।

**Independence day celebration in University campus**
**16-08-2022**
**Department of Fine Arts**



**"75 Years of Independence" Inter College**
**Painting Competition**
**02-04- 2021**
**Department of Fine Arts**



**"75 Years of Independence" Inter College Painting Competition**
**02-04- 2021**
**Department of Fine Arts**



**"75 Years of Independence" Inter College Painting Competition**
**02-04- 2021**
**Department of Fine Arts**




**Graffiti of bravery and courage of soldiers on the walls of the campus independence day week**
**March 2019**
**Department of Fine Arts**



**Graffiti of bravery and courage of soldiers on the walls of the campus independence day week**
**March 2019**
**Department of Fine Arts**



**Independence Day Celebration**
**in University Campus**
**15-08-2018**



**Independence Day Celebration**
**in University Campus**
**15-08-2018**



**Independence Day Celebration**
**in University Campus**
**15-08-2018**



**Independence Day Celebration**
**in University Campus**
**15-08-2018**



**Independence Day Celebration**
**in University Campus**
**15-08-2018**




Independence Day Celebration
in University Campus
15-08-2018



**Independence day celebration in University campus 15-08-2017**



**Independence day celebration in University campus**
**15-08-2017**




**Independence day celebration in University campus**
**15-08-2017**




**Independence day celebration in University campus**
**15-08-2017**



**Independence day celebration in University campus**
**15-08-2017**



**Independence day celebration in University campus**
**15-08-2017**



**Independence Day Celebration in University Campus**
**26-01-2017**



**Independence Day Celebration in University Campus**
**26-01-2017**



**Independence Day Celebration in University Campus**
**26-01-2017**




**Independence Day Celebration in University Campus**
**26-01-2017**



**Independence Day Celebration in University Campus**
**26-01-2017**